मंत्रिमंडल के लिए जनवरी, 2020 का मासिक सारांश

1 नीतिगत निर्णयः शून्य

2. **महत्वपूर्ण उपलबिधयां**

(i) हथकरघा क्षेत्रः

- घरेलू उपभोक्ताओं के बीच हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने और हथकरघा बुनकरों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने में सक्षम बनाने हेतुजनवरी, 2020 के दौरान 4 राष्टीय स्तर की हथकरघा प्रदर्शनियां विशाखापट्नम, भोपाल, जबलपुर, और रायपुर में आयोजित की गई हैं।
- वैश्विक बाजार में हथकरघा संवर्धन के लिए, फैंकफर्ट,जर्मनी, हैनोर, जर्मनी और पेरिस, फ्रांस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिग प्रदर्शनियों में हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद नें भाग लिया जिसमें प्रदर्शकों ने भाग लिया जहां पर जनवरी 2020 के दौरान प्रदर्शनी स्थल पर आदेश प्राप्त हुए और पूछताछ की गई

- 6.98 करोड़ रुपए के 1335 मुद्रा ऋण स्वीकृत किए गए और जारी भी किए गए

(ii) हस्तशिल्प क्षेत्रः

- दिनांक 17-21 जनवरी, 2020 को विषयगत प्रदर्शनी और जागरुगता कार्यक्रम ।

- दिनांक 17-21 जनवरी, 2020 के दौरान डोमोटेक्स जर्मनी में जागरुगता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- दिनांक 12-26 जनवरी, 2020 से माराकेश, मोरोक्को में संस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 5 हस्तशिल्प कारीगरों ने भाग लिया।
- अंतर्राष्ट्रीय शिल्प विनिमय कार्यक्रम दिल्ली हॉट, आईएनए में आयोजित किया गया जिसमें भारत और बांग्लादेश के कारीगरों ने भाग लिया और 1-15 जनवरी, 2020 के दौरान आयोजित कार्यक्रम में नवप्रवर्तनकारी उत्पादों को तैयार किया गया।

(iii) कपासः जनवरी, 2020 के दौरान बीज कॉटन(कपास) की अखिल भारतीय आवक 76.22 लाख गांठ थी जिसमें से भारतीय कपास निगम द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमसीपी) अभियान के अंतर्गत कपास की 23.43 लाख गाठें खरीदी गई हैं।

(iv). टीयूएफएसः जनवरी, 2020 के दौरान और संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (ए-टयूएफएस) के अंतर्गत 491.79 करोड़ रूपए की परियोजना लागत तथा 44.34 करोड़ की मांग सब्सिडी से 136 यूआईडी जारी किए गए है।

(v) विद्युतकरघा क्षेत्रः जनवरी, 2020 के दौरान इस योजना के तहत विद्युतकरघा कामकारों के लिए समूह बीमा योजना के अंतर्गत 1,65,892 रुपए के कुल प्रीमियम की भारत सरकार की हिस्सेदारी से विभिन्न नोडल एजेंसियों द्वारा 1182 विद्युत करघा कामकारों को पंजीकृत किया गया।